मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-53
23/01/2021

# पूर्व विधायक, सी0पी0एम0 के पूर्व राष्ट्रीय सचिव एवं पोलित ब्यूरो सदस्य गणेश शंकर विद्यार्थी के श्राद्धकर्म में शामिल हुये मुख्यमंत्री

पटना, 23 जनवरी 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार आज नवादा जिले के रजौली में श्री रविशंकर शरण सिंह के आवास पर जाकर पूर्व विधायक, सी0पी0एम0 के पूर्व राष्ट्रीय सचिव एवं पोलित ब्यूरो के सदस्य गणेश शंकर विद्यार्थी के श्राद्धकर्म में शामिल हुये। मुख्यमंत्री ने स्व0 गणेश शंकर विद्यार्थी जी के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि दी।

मुख्यमंत्री ने स्व0 गणेश शंकर विद्यार्थी जी के शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना भी दी।

इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, विधान पार्षद श्री नीरज कुमार, हिसुआ की विधायक श्रीमती नीतू कुमारी सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******